ब्राजील

बीसी – 10 :

ओएनजीसी विदेश ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी ओएनजीसी नाइल गंगा बी. वी. के माध्यम से अप्रैल, 2010 में बीसी – 10 परियोजना में 15 प्रतिशत पीआई और बाद में दिसंबर, 2013 में अतिरिक्त 12 प्रतिशत पीआई हासिल किया था। इस परियोजना के साझीदारों में 50 प्रतिशत पीआई के साथ शेल (परिचालक) और 23 प्रतिशत पीआई के साथ कतर पेट्रोलियम शामिल हैं।

बीसी -10 परियोजना ब्राजील तट से दूर विक्टोरिया शहर के करीब 120 किलोमीटर दक्षिण पूर्व कैंपोस बेसिन में अवस्थित एक गहन समुद्र तेल विकास फील्ड है। इस परियोजना के प्रथम चरण में, समुद्र मग्न कूपों और मैनिफोल्ड के माध्यम से एफपीएसओ (फ्लोटिंग प्रोडक्शन स्टोरेज एंड ऑफलोडिंग) से जुड़े 10 उत्पादकों और 1 गैस इंजेक्टर के साथ तीन क्षेत्रों (ओस्ट्रा, आर्गनौता बी पश्चिम और अबालोने) के विकास शामिल हैं। जुलाई, 2009 में इस क्षेत्र से कार्य शुरु हो गया। चरण 2 में उसी एफपीएसओ के साथ जुड़े 7 उत्पादक और 4 जल प्रक्षेपक कूपों के साथ आर्गनौता ओएन फील्ड का विकास शामिल था। चरण - 2 अक्तूबर, 2013 में कार्य करना शुरु कर दिया। 5 उत्पादक और 2 जल प्रक्षेपक के साथ मास्सा और ओ -साउथ खोज के विकास पर लक्षित चरण - 3, मार्च, 2016 में कार्य करना शुरु कर दिया।

बीएम - सील - 4

अन्वेषणात्मक ब्लॉक बीएम - सील - 4 मूल रूप से पेट्रोब्रास को अगस्त, 2000 मे आवंटित किया गया था। ओएनजीसी विदेश और पेट्रोब्रास के बीच विनिमय समझौता के भाग के रूप में ओएनजीसी विदेश को 25 प्रतिशत पीआई के साथ इस ब्लॉक में शामिल किया गया। इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 1137 वर्ग किलोमीटर है और यह उत्तरी ब्राजील के सरजाइप अलागोअस बेसिन में 1000 से 2500 मीटर की जल गहराई में अवस्थित है। ओएनजीसी विदेश पीएडी पोको वर्डे (1 - एसईएस - 159) से हट गया है इसके परित्याग की प्रक्रिया चल रही है। ओएनजीसी विदेश मोयटा बोनिटा विकास मूल्यांकन योजना में प्रतिभागिता कर रहा है। इस ब्लॉक का अन्वेषण लाइसेंस दिनांक 01. 12. 2020 तक वैध है।

कोलम्बिया

एमईसीएल

मानसरोवर एनर्जी कोलंबिया लिमिटेड (एमईसीएल), कोलंबिया, ओएनजीसी विदेश और चीन की सिनोपेक के बीच 50:50 का एक संयुक्त उद्यम है। इस परियोजना में ओएनजीसी विदेश ने अगस्त, 2006 में पीआई हासिल किया था। एमईसीएल की परिसंपत्तियां में वेलासक्वेज

उत्पादक फील्ड में 100 प्रतिशत शेयर और नेयर एसोसिएशन कंट्रेक्ट में 50 प्रतिशत शेयर, जिसमें शेष शेयर कोलंबिया की राष्ट्रीय तेल कंपनी, इकोपेट्रोल धारित करती है। नेयर एसोसिएशन कंट्रेक्ट में छह उत्पादनकारी फील्ड शामिल हैं। एमईसीएल के पास वेलासक्वेज संपत्ति को इकोपेट्रोल के बर्रानकैबरमेजा तेलशोधक से जोड़ने वाली 189 किलोमीटर लंबी वेलासक्वेज - गालन पाइपलाइन में 100 प्रतिशत शेयर है।

आरसी - 9

ब्लॉक आरसी - 9, वर्ष 2007 की कोलंबिया बोली चरण में इकोपेट्रोल को आवंटित किया गया था। इकोपेट्रोल के पास एक प्रचालक के रूप में 50 प्रतिशत पीआई है और ओएनजीसी विदेश के पास एक साझीदार के रूप में इस ब्लॉक का 50 प्रतिशत पीआई है। 40 से 160 मीटर जल गहराई वाले इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 1060 वर्ग किलोमीटर है और यह ब्लॉक कोलंबिया के ग्वाजिरा बेसिन अपतट के उत्तरी पश्चिमी भाग में चुचुपा और बैलेना गैस फील्ड के पास अवस्थित है। इस ब्लॉक का लाइसेंस 25 अप्रैल 2018 तक वैध है।

ब्लॉक आरसी – 10

ब्लॉक आरसी - 10 वर्ष 2007 की कोलंबिया बोली चरण में ओएनजीसी विदेश को आवंटित किया गया था। ओएनजीसी विदेश के पास एक प्रचालक के रूप में 50 प्रतिशत पीआई है और इकोपेट्रोल के पास एक साझीदार के रूप में इस ब्लॉक का 50 प्रतिशत पीआई है। 200 से 2600 मीटर जल गहराई वाले इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 1340 वर्ग किलोमीटर है और यह ब्लॉक कोलंबिया के ग्वाजिरा बेसिन अपतट के उत्तरी पश्चिमी भाग में अवस्थित है। वर्तमान में यह ब्लॉक विस्तारित अन्वेषण चरण - II के अंतर्गत है, जो 29 अगस्त 2017 को समाप्त हो रहा है।

एसएसजेएन - 7

ओएनजीसी विदेश ने दिसंबर, 2018 में इस एसएसजेएन - 7 ब्लॉक में 50 प्रतिशत पीआई अर्जित किया था जिसमें पीआरई प्रचालक है और उसके पास 50 प्रतिशत पीआई है। इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 2707 वर्ग किलोमीटर है और यह कोलंबिया के अपतट सिनु सैन जैसिंटो बेसिन के दक्षिणी पश्चिमी भाग में अवस्थित है। वर्तमान में, यह ब्लॉक विस्तारित अन्वेषण चरण - 1 के तहत है जो 25 नवंबर 20187 को समाप्त हो रहा है।

ब्लॉक सीपीओ - 5

ब्लॉक सीपीओ - 5 वर्ष 2008 के कोलंबिया बोली चरण में ओएनजीसी विदेश को आवंटित किया गया था। जून, 2020 में, ओएनजीसी विदेश ने 30 प्रतिशत पीआई विनिवेश कर दिया और यह

पेट्रोडोराडो ऊर्जा (पीडीक्यू) को दिया गया, जबकि इस ब्लॉक का परिचालन अधिकार ओएनजीसी विदेश के पास ही रहा। इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 1992 वर्ग किलोमीटर है और यह ब्लॉक कोलंबिया बेसिन के सर्वाधिक विशाल तेल एवं गैस अभितट के दक्षिण पश्चिम भाग में अवस्थित है। वर्तमान में यह बलॉक विस्तारित अन्वेषण चरण - II के अंतर्गत है, जो 10 जुलाई 2017 को समाप्त हो रहा है।

ब्लॉक ग्वा ऑफ - 2

ब्लॉक ग्वा ऑफ - 2 वर्ष 2012 के कोलंबिया बोली चरण में ओएनजीसी विदेश को आवंटित किया गया था। ओएनजीसी विदेश एक प्रचालक है और इस ब्लॉक का 100 प्रतिशत शेयर धारित करता है। 1500 से 2700 मीटर जल गहराई वाले इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 1171 वर्ग किलोमीटर है और यह ब्लॉक कोलंबिया के ग्वाजिरा बेसिन अपतट के उत्तरी पश्चिमी भाग में अवस्थित है। इस ब्लॉक का विस्तारित अन्वेषण चरण - 1 25 जनवरी 2017 को समाप्त हो गया। आरसी - 10 ब्लॉक की क्षीण संभाव्यता के संबंध में इकोपेट्रोल, ओवीएआई, हाउस्टन एवं जियोपिक, द्वारा आयोजित अध्ययन से यथा निरुपित, इस ब्लॉक के परित्याग की प्रक्रिया शुरु कर दी गयी है, क्योंकि इस ब्लॉक की संभाव्यता आरसी - 10 ब्लॉक की संभाव्यता पर निर्भर थी।

ब्लॉक लायनोस - 69

ब्लॉक लायनोस - 69 कोलंबिया के वर्ष 2012 चरण में एमईसीएल को आवंटित किया गया था। एमईसीएल इस ब्लॉक का परिचालक है। इस ब्लॉक का क्षेत्रफल 226 वर्ग किलोमीटर है और यह कोलंबिया के विशाल लायनॉस बेसिन के उत्तरी पश्चिम भाग की तलहटी में अवस्थित है। वर्तमान में यह ब्लॉक विस्तारित अन्वेषण चरण - 1 के अंतर्गत है, जो 12 सितंबर 2017 को समाप्त हो रहा है।

वेनेजुएला

सैंक्रिस्तोबाल

ओएनजीसी विदेश ने ओएनजीसी नाइल गंगा (सैन क्रिस्टोबल) बीवी, ओएनजीसी नाइल गंगा बी. वी. की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी के माध्यम से अप्रैल, 2008 में सैन क्रिस्टोबल परियोजना में 40 प्रतिशत पीआई अर्जित किया था। यह परियोजना ''पेट्रोलेरा इंडो वेनेजुएला एसए'' (पीआईवीएसए) नामक एक संयुक्त उद्यम कंपनी के माध्यम से ओएनजीसी विदेश और पीडीवीएसए द्वारा संयुक्त रूप से परिचालित है। सैन क्रिस्टोबल परियोजना में 160.18 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र शामिल है और यह वेनेजुएला के समृद्ध ओरिनोको हैवी ऑयल बेल्ट के ज़ुआटा सब डिविजन में अवस्थित है।

कोराबोबो - 1

ओएनजीसी विदेशे ने फरवरी 2010 में, अपनी अनुषंगी कंपनी काराबोबो वन एबी के माध्यम से कोराबोबो - 1 परियोजना में 11 प्रतिशत पीआई अर्जित किया। रेपसॉल, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, ऑयल इंडिया लिमिटेड और पीडीवीएसए इस परियोजना के अन्य साझीदार हैं। इस फील्ड के विकास के लिए ''इंप्रेसा मिक्सटा'' (अथवा ''मिश्रित कंपनी'') को पेट्रो काराबोबो एस. ए. के रूप में निगमित किया गया था। कोराबोबो- 1 से पहला तेल दिसंबर 2012 में सीजीओ - 0005 कूप से उत्पादित किया गया था।